हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.1 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

12 श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया संविधान दिवस



12 वार्ड 4 में बरसाती नाला निर्माण में अफसरों पर वादाखिलाफी का आरोप



## खबर संक्षेप

### श्री राणी सती दादी मंदिर में ब्यावला उत्सव कल से

**हिसार।** सेक्टर 16-17 के श्री राणी सती दादी मंदिर में 28 व 29 नवंबर को दादी मां का ब्यावला उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रधान सुधीर गोयल मंगालीवाला ने बताया कि 28 नवंबर को प्रातः 9.15 बजे मां के मंगलमय अभिषेक के साथ इस उत्सव की शुरुआत होगी। दोपहर को मुंबई के प्रसिद्ध गायक कुंदन मिश्रा भजनों की रस गंगा के माध्यम से दादी मां की महिमा व देवी-देवताओं का गुणगान करेंगे तथा 29 नवंबर को दोपहर प्रसिद्ध निर्देशक, गायक व कलाकार उज्ज्वल खाकोलिया अपनी मंडली के साथ नृत्य नाटिका के माध्यम से दादी मां का मंगल पाठ करेंगे।

### सर्राफ की स्मृति में फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर

**हिसार।** स्वर्गीय सीए धर्मपाल सर्राफ की स्मृति में तीसरे चरण का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आयोजित किए गए इस शिविर का 20 बुजुर्गों ने लाभ उठाया। दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 20 लोगों का निशुल्क ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस दौरान स्वर्गीय सीए धर्मपाल सर्राफ के पुत्र सीए प्रीतिपाल सर्राफ व पोते विवेक सर्राफ एवं अन्य पारिवारिक सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 30 को मनाया जाएगा प्रकाश गुरुपर्व

**हिसार।** श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 556वां प्रकाश गुरुपर्व 30 नवंबर को पटेल नगर आठ मरला कॉलोनी में स्थित बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रबंधक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा की एक बैठक कमेटी के प्रधान सुबेदार हरमिंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुद्वारा साहिब के प्रांगण में हुई बैठक में लिए निर्णय को कमेटी के महासचिव भूपेन्द्र पाहवा ने बताया कि प्रथम पातशाही गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश गुरूपर्व से पूर्व गुरु घर में 28 नवंबर शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब में गुरुघर से जुड़ी साध संगतों के बीच श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ होगा।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में मॉक पार्लियामेंट हुई

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस बड़े गौरव और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया और न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस सत्र में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने संसद सदस्यों की भूमिका निभाते हुए शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी प्रगति जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

### दस्तावेज सुधारने के लिए कल अंतिम अवसर

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी की उपस्थिति में वर्ष 2025-26 की सीआरएम स्कीम के अंतर्गत व्यक्तिगत आवेदित किसानों का ड्रॉ निकाला गया था। इसमें कुल 369 किसानों का मशीन-वाइज चयन हुआ था। सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान ने बताया कि विभाग द्वारा कई बार दूरभाष पर संपर्क करने के बावजूद कुछ किसान अपने दस्तावेज सही करवाने के लिए कार्यालय नहीं पहुंचे हैं। ऐसे किसानों को 28 नवंबर तक अंतिम अवसर दिया जा रहा है कि वे लघु सचिवालय परिसर की तीसरी मंजिल पर स्थित सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में आकर अपने दस्तावेज सही करवा लें, ताकि उन्हें मशीन के लिए परमिट जारी किया जा सके।

# किसान, मजदूर संगठनों ने घेरा लघु सचिवालय व प्रदर्शन करके सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

*बाढ़ व जलभराव का मुआवजा देने की मांग, धान खरीद घोटाले की जांच समेत 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विभिन्न किसान संगठनों एवं केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर किसानों, मजदूरों व अन्य संगठनों ने बुधवार को लघु सचिवालय तक प्रदर्शन करके नारेबाजी की। संगठनों ने लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर धरना भी दिया और सरकार को मांगपत्र भेजा। तय कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न संगठन सुबह क्रांतिमान पार्क में एकत्रित हुए और यहां से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे।प्रदर्शन के बाद किसानों ने अपनी स्थानीय समस्याओं जिसमें बाढ़ और जलभराव का मुआवजा देने, धान खरीद में हुए महाघोटाले की जांच समेत 22 सूत्री मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति के नाम नगराधीश को ज्ञापन सौंपा। किसान मजदूर नेताओं ने कहा कि आज के ही दिन दिल्ली किसान आंदोलन शुरू हुआ था और मजदूर संगठनों ने भी राष्ट्रीय हड़ताल की थी, इसीलिए आज के ही दिन देश भर में संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने अपने स्थानीय मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किए हैं और हिसार में राज्य का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से स्थानीय मुद्दे जिसमें जलभराव और सेम प्रभावित इलाकों में पानी की निकासी के स्थाई प्रबंध करने, बर्बाद फसलों का मुआवजा जारी करने, बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए कदम उठाने, बीमा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगा बीमा क्लेम जारी करने, ट्रैक्टरों के नवीनीकरण पर बढ़ाएं गए 10 गुना शुल्क को वापस लेने की मांग की। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों, जिसमें कृषि बाजार नीति को रद्द करने, स्मार्ट मीटर और बिजली कानून 2025 को रद्द करने, चार लेबर कोड रद्द करने, मनरेगा के तहत 200 दिन काम और 600 रुपए दिहाड़ी देने, मनरेगा का काम शुरू करने, स्थाई काम स्थाई रोजगार, न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी आदि मुद्दों को मांग पत्र राष्ट्रपति नाम दिया गया।



**हिसार।** शहर में प्रदर्शन कर लघु सचिवालय की तरफ जाते किसान-मजदूर संगठनों के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### कई संगठन शामिल

प्रदर्शन को मुख्य रूप से कंवरजीत सिंह, करनैल सिंह, स्वर्ण सिंह वर्क, रणवीर मलिक, सुरेश कोथ, बलबीर सिंह, हंसराज राणा, जोगेंद्र नैन, सुखविंदर रतिया, बलराज मलिक, रतन मान, आजाद पालवा, आजाद मीरान, हरजिंदर सिंह, नायब सिंह, कृष्ण नैन, कॉमरेड सुरेंद्र मलिक, मास्टर पवन, मेहर सिंह बांगड़, विनोद कुमार व मियां सिंह, ने संबोधित किया। इसके अलावा छज्जू राम कंडेला, जींद जिला प्रधान बिन्द नंबरदार, विकास सीसर, डा. सिक्कम श्योकंद सहित हजारों किसान-मजदूर और कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा बीकेयू एकता उग्रहा, क्रांतिकारी किसान यूनियन, किसान सभा अजय भवन, बीकेयू मांगेराम मलिक, भारतीय किसान मजदूर यूनियन, किसान सभा हरियाणा, ऐआईकेकेएमएस, बीकेयू चौ. घासीराम नैन, किसान महासभा, भारतीय किसान संघर्ष समिति, बीकेयू टिकैत, उचाना धरना, राष्ट्रीय किसान मंच, हरियाणा किसान मंच, जम्हूरी किसान सभा, इंटक, सीटू, सर्व कर्मचारी संघ, एआईयूटीयूसी, एटक, खेत मजदूर यूनियन समेत अन्य किसान मजदूर संगठन शामिल हुए।

## सीएससी संचालक ने पीड़ित के खाते से हड़प ली राशि, केस दर्ज

# दीनदयाल अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना में पांच लाख का गोलमाल

*सीएम फ्लाइंग को कुछ सीएससी संचालकों द्वारा कमीशनखोरी और धोखाधड़ी मिली थी शिकायतें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीएम फ्लाइंग टीम ने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना में बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि हिसार के एक सीएससी संचालक ने गरीब परिवार को मिलने वाली पांच लाख की सहायता राशि धोखे से पीड़ित के बैंक खाते से अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। मामले का पर्दाफाश होने पर आजाद नगर पुलिस थाने में आरोपी सीएससी संचालक सिरसा जिला के कोटली निवासी राजेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ सीएससी संचालक दीनदयाल अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना में कमीशनखोरी और धोखाधड़ी कर रहे हैं। सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को 6 से 60 वर्ष की आयु में किसी सदस्य की मृत्यु पर एक लाख से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है लेकिन कई स्थानों पर संचालकों द्वारा पीड़ित परिवारों से 25 से 30 प्रतिशत तक कमीशन वसूले जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम ने गुप्त जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि भगाणा गांव निवासी रमेश के पुत्र गोविंदा की मृत्यु के बाद उसे योजना का लाभ दिलवाने के नाम पर सीएचसी संचालक राजेंद्र ने कई दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने लेबर केंद्र के माध्यम से गरीब मजदूरों के नाम पर स्टांप और खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लेता है, ताकि जरूरत पड़ने पर उनका दुरुपयोग किया जा सके।



**हिसार।** पीड़ित रमेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी।

### ऐसे की गड़बड़ी

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि आरोपी राजेंद्र ने रमेश को भरोसे में लेकर मृतक के नाम से हिसार मुख्य डाकघर में खाता खुलवाया और प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर उसके मोबाइल का सिम भी कई दिनों तक अपने पास रख लिया। इसी के चलते इस वर्ष 6 मार्च को योजना के तहत पांच लाख रुपये खाते में आए, जिनको आरोपी ने नेफ्ट के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया, जबकि न तो पीड़ित से हस्ताक्षर करवाए गए और न ही अंगूठा लगाया गया। बाद में उसने योजना बंद होने का बहाना बनाकर सिम कार्ड वापस कर दिया और पूरी राशि देने से साफ मना कर दिया। जांच में यह भी पाया है कि पूरी राशि धोखे से अपने खाते में डालकर आरोपी ने गंभीर वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी को अंजाम दिया। सीएम फ्लाइंग की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### पीड़ित ने यह दी जानकारी

पीड़ित गांव भगाना निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उक्त योजना के लिए जब उन्होंने आवेदन किया था, उस समय उनका नाम बीपीएल सूची में दर्ज था और वे बीपीएल श्रेणी के तहत मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे थे। आरोपी राजेंद्र ने न सिर्फ उनसे पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की, बल्कि अपने सीएससी सेंटर के माध्यम से उनकी आय में मनमाना बदलाव कर दिया। आय बढ़ा देने के कारण रमेश कुमार का परिवार बीपीएल सूची से बाहर हो गया और वे अब बीपीएल श्रेणी के तहत मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित रह गए हैं।

## एसबीएस स्कूल माढ़ा के खिलाड़ियों ने जीते 17 पदक



**नारनौंद।** स्कूल में पहुंचने पर खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्कूल निदेशक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हरियाणा जिला स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में एसबीएस स्कूल माढ़ा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक अपने नाम किए। हांसी में आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-11 आयु वर्ग के लड़कों में एस.बी.एस स्कूल के रूद्र ने स्वर्ण, कुणाल और जन्नत ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। अंडर-13 आयु वर्ग की लड़कियों में रिद्धि ने स्वर्ण, लड़कों में शौर्य ने रजत और दीपांशु ने कांस्य पदक जीता। अंडर-15 आयु वर्ग की लड़कियों में मुस्कान ने प्रथम तथा अंशु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 आयु वर्ग की लड़कियों की इस श्रेणी में भी एस.बी.एस स्कूल की प्रतिभा चमकी। मुस्कान ने प्रथम, टुनिषा ने दूसरा, जबकि स्नेहा और महक ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। ओपन महिला वर्ग की श्रेणी में महक ने प्रथम स्थान, मुस्कान ने दूसरा स्थान तथा टुनिषा और स्नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### मनजीत भारतीय जूनियर तीरंदाजी टीम के कोच नियुक्त



**हांसी।** उपमंडल के गांव उमरा निवासी अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक मनजीत सिंह मलिक को भारतीय जूनियर तीरंदाजी टीम का कोच नियुक्त किया गया। भारतीय जूनियर तीरंदाजी टीम 8 से 16 दिसंबर तक सऊदी अरब के जैदाह मे होने वाले एशिया कप व वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट मे मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ जाएंगे। भारतीय जूनियर तीरंदाज टीम का 24 नवम्बर से 8 दिसंबर तक सोनीपत के भारतीय खेल प्राधिकरण सेंटर पर भारतीय टीम का ट्रेनिंग कैंप लगाया गया है। बता दें कि मनजीत मलिक इससे पहले यूथ ओलम्पिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप, वर्ल्ड कप व वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स मे भी भारतीय तीरंदाजी टीमों के कोच रह चुके हैं।

## कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की धूरी : प्रो. काम्बोज

■ हकृवि में इंडियन सोसायटी ऑफ़ एग्रीकल्चर ऑफ़ इकोनॉमिक्स का वार्षिक सम्मेलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंडियन सोसाइटी ऑफ़ एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स के 85वें वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने किया। कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंडियन सोसायटी ऑफ़ एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स के अध्यक्ष प्रो. दिनेश के. मारोठिया, सचिव डॉ. कमल वाटा तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के पूर्व कुलपति डॉ एचआर शर्मा तथा उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. एसके पाहुजा भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की धूरी है। यह सम्मेलन देश के प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों, नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और छात्रों को एक मंच प्रदान करता है जहां पर वे कृषि क्षेत्र की मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों पर सघन विचार-विमर्श करते हैं। सम्मेलन में सरकार की कृषि नीति, मूल्य नीति, एमएसपी, ग्रामीण विकास, क्रेडिट, जोखिम प्रबंधन और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, व्यापार नीतियों, वैश्विक बाजारों और तकनीकी नवाचारों सहित विभिन्न मुद्दों पर देश की कृषि व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। सम्मेलन में पुस्तकों एवं रिसर्च पेपर का विमोचन भी किया गया।




**हिसार** : पुस्तकों एवं रिसर्च पेपर का विमोचन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

## गुजवि आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने कराई जांच

*शिविर में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र व विश्वविद्यालय महिला क्लब की ओर से सर्वेश हेल्थ सिटी के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई मुख्य अतिथि रहे, जबकि विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय महिला क्लब की संरक्षिका डा. वंदना बिश्नोई ने शिविर की अध्यक्षता की। सर्वेश हेल्थ सिटी के अध्यक्ष एवं न्यूरो सर्जन डॉ. उमेश कालरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में अंतःस्रावी ग्रंथि (एनडॉक्टरीनोलॉजी) तथा अस्थि रोगों (ऑर्थोपेडिक्स) से संबंधित स्वास्थ्य चैक अप किया गया तथा संबंधित जानकारियां दी गई। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शिविर में 200 से अधिक रोगियों ने अपने स्वास्थ्य से संबंधी जांच कराई।

## आरडीएम में बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण समारोह




**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रार्थना सभा के दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ. शालू सुवीन कटारिया आदि उपस्थित रहे।

### आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या में सम्मेलन

# लुवास के वैज्ञानिकों को किया गया सम्मानित

*डॉ. सज्जन को फेलो अवॉर्ड, डॉ. सुशील डॉ. के. प्रधान यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या में आयोजित 21वें द्विवार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वैज्ञानिकों ने उत्कृष्ट अनुसंधान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। सम्मेलन के दौरान लुवास के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सज्जन सिहाग को उनके अद्वितीय योगदान व दीर्घकालीन शोध उपलब्धियों के आधार पर प्रतिष्ठित संस्था के फेलो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, डॉ. सुशील कुमार ने भी सम्मेलन में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उन्हें वर्ष 2025 के लिए डॉ. के. प्रधान यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड तथा वर्ष 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मेलन की पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में डॉ. नैंसी श्योराण ने तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। कुलपति सचिवालय में हुई भेंट के दौरान कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने सभी सम्मानित वैज्ञानिकों को बधाई दी।



**हिसार।** कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा से भेंट करते प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सज्जन सिहाग, डॉ. सुशील कुमार एवं डॉ. नैन्सी श्योराण।



